भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन

पावटा, (निसं)। विधायक कुलदीप धनकड ने रविवार को भांकरी निज आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन कर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुन मौके पर ही अधिकारियों से बातचीत कर समस्याओं का निस्तारण किया। इसके बाद हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन कर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के पांचों मण्डलों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधिगणों की मौजूदगी में पांचों मण्डलों का कार्यक्रम तय करते हुए बताया कि तिरंगा बाइक यात्रा 12 अगस्त सोमवार को प्रात 9 बजे तीन मण्डल विराटनगर मण्डल, बाणगंगा मण्डल, त्रिवेणी मण्डल के कार्यकर्ताओं द्वारा अलवर तिराहा से बिलवाडी होते हुए श्री गणेश मंदिर विराटनगर पहुंचेगी। वहीं 13 अगस्त को प्रात: 9 बजे पावटा व प्रागपुरा मण्डल के कार्यकर्ताओं द्वारा श्री हिरामल मंदिर मण्ढा से शुरू होकर प्रागपुरा पहुंचेगी। इस दौरान 14 व 15 अगस्त को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा घर-घर पहुंचकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में हर घर पर तिरंगा लगाकर देशभक्ति कार्यक्रम को सफल बनाने की योजना बनाई गई। वही पावटा ब्लॉक शिक्षा विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा विधायक कुलदीप धनखड का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

19 घंटे चले रेस्क्यू के बाद झरने में डूबे युवक का शव बरामद

पावटा, (निसं)। पावटा उपखंड क्षेत्र के प्रागपुरा थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर भैरू क्यारा में तीन दोस्त पावटा निवासी राकेश, महेंद्र व मुकेश बरसाती झरने से बने तालाब में नहाने गये थे। जहां नहाते समय तीनों में एक युवक मुकेश पुत्र सीताराम जाती बलाई उम्र 20 साल निवासी मस्जिद के पास मौहल्ला पावटा अचानक झरने के नीचे नहाते समय बह गया और तालाब में डूब गया साथी युवकों ने डूबे युवक को काफी तलाश किया लेकिन युवक नहीं मिला। जिस पर साथ गए दोनों युवकों के हाथ पाव फूल गये व घटना की सूचना प्रागपुरा थाना पुलिस को दी गई।

घटना की सूचना पर प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार मय टीम मौके पर पहुंच ग्रामवासियों के सहयोग से मृतक की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा है। जिस पर एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस टीम जयपुर, सिविल डिफेंस टीम कोटपुतली को सूचित किया गया। वहीं इस दौरान वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला, उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय, तहसीलदार प्रवीण सैनी ने भी मौके पर पहुंच घटना का जायजा लिया। एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस टीमों के पहुंचने के बाद शनिवार पूरी रात रेस्क्यू ऑपरेशन चला लेकिन रेस्क्यु टीम को सफलता नहीं मिली। ऑक्सीजन की

एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस टीम ने संयुक्त रेस्क्यू किया।

कमी और लगातार हो रही तेज बारिश के कारण, युवक को खोजने में दिक्कत हो रही थी। प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि करीब 19 घंटे के बाद सफलता मिली। जिसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। पुलिस प्रशासन टीम मृतक 20 वर्षीय युवक मुकेश का शव पावटा सीएचसी लेकर पहुंची जहाँ मृतक युवक का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौपा गया।

इसी प्रकार पुलिस थाना फागी के अन्तर्गत ग्राम मण्डप की रपट से मांझी नदी में बहे 2 युवकों के डूबने की सूचना एसडीआरएप राजस्थान कन्ट्रोल रूम जयपुर को मिलने पर कन्ट्रोल रूम द्वारा एसडीआरएफ बटालियन मुख्यालय, गाडोता में तैनात रेस्क्यू टीम एच-03 के प्रभारी कानि. रामजीलाल को अविलम्ब घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देष दिए। रेस्क्यू टीम प्रभारी 09 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ रात्रि 11 बजे घटनास्थल पर पहुंचे। टीम कमाण्डर ने स्थिति का जायजा लिया तथा एसडीआरएफ कमाण्डेन्ट को बताया कि क्षेत्र में हो रही अति वृष्टि के कारण पुलिस थाना फागी जिला दूदू के अन्तर्गत सायं के समय ग्राम मण्डप की रपट से मांझी नदी में दो युवक बह गये थे, उक्त युवकों के शवों की तलाश हेतू स्थानीय प्रशासन एवं सिविल डिफेन्स की टीम के द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है, किन्तु अभी तक सफलता प्राप्त नहीं हुई है। टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले टीम ने मोटर बोट को तेज गति से चलाकर नदी के किनारों पर दोनों युवकों के शवों को तलाश किया। उसके बाद बांस, बिलाई तथा रेस्क्यू रोप की सहायता से गहन सर्च किया। रात्रि 12:15 बजे अन्धेरा होने के

- दूदू में मांझी नदी में बहे दो युवकों के शवों को भी बरामद किया
- एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस टीम जुटी थी रेस्क्यू में

कारण स्थानीय प्रशासन के निर्देशानुसार सर्च ऑपरेशन प्रात: तक स्थगित कर दिया गया। प्रात: 9 बजे घटनास्थल पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। अथक परिश्रम तथा कडी मेहनत से टीम को सायं 04:30 बजे घटनास्थल से 100 मीटर की दूरी पर पहली सफलता मिली। टीम ने मांझी नदी में बहे युवक सीताराम पुत्र बनवारी लाल स्वामी उम्र 21 वर्ष ग्राम रतनपुरा पुलिस थाना फागी जिला दूद के शव को बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द किया। दूसरे युवक की तलाश हेतू दोनों टीमों द्वारा पुन: सर्च ऑपरेशन षुरू किया गया। सांय 05:30 बजे घटनास्थल से 200 मीटर की दूरी पर दूसरी सफलता मिली। टीम ने मांझी नदी में बहे दूसरे युवक देशराज पुत्र भंवरलाल गुर्जर उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कंवरपुरा पुलिस थाना फागी जिला दूदू के शव को बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द किया।

बारिश के पानी की निकासी की प्रशासन से मांग

टोंक, (निसं)। पीपलू उपखंड क्षेत्र की सोहेला ग्राम पंचायत क्षेत्र में प्रशासन की लापरवाही के कारण बारिश का पानी आमजन के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। पीपलू उपखंड प्रशासन व सोहेला ग्राम पंचायत प्रशासन मात्र दिखावे और फोटो खिंचवाने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहा है।

मामला सोहेला उप स्वास्थ्य केन्द्र जाने वाले रास्ते का है, जहां पर बरसाती पानी भर जाने से जनता ने परेशान होकर टोंक जिला कलेक्टर सौम्या झा को दूरभाष पर सूचना देकर शिकायत की, जिस पर जिला कलेक्टर ने पीपलू नायब तहसीलदार हर्षवर्धन को मौका मुआयना देखकर पानी निकासी करवाने के लिए निर्देश दिये। जहां मौके पर नायब तहसीलदार पीपलू ,सोहेला ग्राम विकास अधिकारी,सरपंच जेसीबी मशीन लेकर पानी की निकासी करने पहुंचे। मकान के बाहर से जेसीबी मशीन से नाली बनाकर पानी निकासी तो करवा दी गई,

- जनता ने परेशान होकर टोंक जिला कलेक्टर को दूरभाष पर शिकायत की

परन्तु आगे पानी की निकासी को लेकर कोई रास्ता नहीं होने व ठोस कदम नहीं उठाने के कारण पानी को नाले तक नही पहुंचा सके। इसी प्रकार दूसरा मामला दलित बस्ती ग्राम पंचायत क्षेत्र के सरदारपुरा गांव (सरकीपुरा) का है, जहां आये दिन पानी भरने से आमजन पेरशान है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत व उपखण्ड प्रशासन को कई बार समय समय पर अवगत करवाया। पैदल चलने वाले स्कूली बच्चों और ग्रामीणों व वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणवासियों ने टोंक जिला कलेक्टर से पानी निकासी व कीचड़ से हमेशा के लिए निजात दिलवाने की मांग की है।

पानी के निकास मार्ग अवरूद्ध

चाकसू, (निसं)। प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों की अनदेखी के कारण बरसाती पानी के परम्परागत आवक एवं निकास मार्ग अवरूद्ध होने के कारण जगह जगह पानी भराव की समस्या हो गई है।

कस्बे के धार्मिक स्थल खॉल के बालाजी आश्रम के पास गोलीराव तालाब की सिंचाई के लिए निर्मित प्राचीन नहर को नगरपालिका के कचरा ढोने वाले वाहनों ने कचरे से पाट दिया है। इसका प्रभाव सार्वजनिक मोक्षधाम हीरालाल का तिबारा पूरी तरह पानी से लबालब भरा हुआ है। खॉल के बालाजी के विकसित पार्क में लगें हुए पेड़ - पौधों पानी से भरे हुए हैं। कुछ समय पहले ही नगरपालिका ने नरेगा महिला कार्मिकों के माध्यम से बालाजी आश्रम, मोक्षधाम हीरालाल का तीबारा क्षेत्र में मुख्यमंत्री भजनलाल के हरियालों राजस्थान कार्यक्रम के तहत सैकड़ों की संख्या में पौधे लगाए गए थे, सभी पानी की डूब में आ गये है।

फुलेरा में विशाल कांवड़ यात्रा निकाली

फुलेरा, (निसं)। कस्बे में रविवार को दोपहर हजारों धर्मप्रेमियों के द्वारा विशाल कावड़ यात्रा निकल गई। गौरतलब है कि उक्त कावड़ यात्रा क्षेत्र के निकट स्थित सांभरलेक के पवित्र तीर्थ स्थल देवयानी सरोवर से प्रात: हजारों की संख्या में कांवड़ियों ने गाजे-बाजे के साथ ही कलाकारों द्वारा विभिन्न दृश्यों की झांकियां सजाई गई। जिन्होंने रास्ते में जगह-जगह पर विभिन्न प्रकार के करतब दिखाकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके साथ ही क्षेत्र में विशाल कावड़ यात्रा का धर्म-प्रेमियों ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उक्त कावड़ यात्रा देवयानी सरोवर से रवाना होकर इरोलाव स्टैण्ड होते हुए भादरपुरा रेलवे फाटक से पांच बत्ती चौराहा, रेलवे ऑवरब्रिज से अम्बेडकर सर्किल, गांधी चौक, गणगौरी बाजार, हलवाई बाजार, इन्दिरा मार्केट से होते

कांवड़ यात्रा के दौरान कलाकारों द्वारा विभिन्न दृश्यों की झांकियां सजाई।

हुए ज्योतिबा फुले सर्किल, बालाजी बायपास, जोबनेर रोड़ होते हुए स्वर्गाश्रम पर पहुंची। जहां पर सभी कांवड़ियों ने एक साथ मिलकर बारी-बारी से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद वहीं विशाल भण्डारे का आयोजन कर प्रसादी वितरण की गई। इस अवसर पर हजारों की संख्या में धर्म-प्रेमी महिला-पुरुष, बालक बालिकाएं उपस्थित रहीं।

राजगढ़ क्षेत्र में भारी बारिश से जल स्त्रोत हुए ओवर फ्लो

राजगढ़, (निसं)। कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में चौथे दिन निरंतर बारिश के जारी रहने के चलते अधिकांश जल स्त्रोतों में ओवरफ्लो हो गया। टहला के मानसरोवर बांध एवं पर्यटक स्थल झरना बांध सहित अन्य स्तरों पर चादर चलने से रविवार के अवकाश का लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। भारी संख्या में महिला पुरुषों एवं बच्चों का जमावड़ा लगा रहा।

राजगढ़ क्षेत्र के अलेवा धाम, एवं अन्य स्थानों पर झरनों के बहने के कारण प्राकृतिक सौंदर्य का लोगों ने लुफ्त उठाया। रविवार को वर्षा के कारण पोस्ट ऑफिस के समीप निवासी रोशन जागा के मकान की दीवार टूट जाने के कारण परिवार को अंबेडकर भवन गंगा बाग में शिफ्ट किया गया है। दूसरी ओर

राजगढ़ के झरना बांध पर चादर चली।

ढिगांवडा ग्राम में ओम प्रकाश जोशी को सरपंच कमलेश मीणा ने अन्य मकान में अस्थाई तौर पर शिफ्ट किया। तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा एवं

- 51 मिमी बारिश दर्ज, मानसरोवर बांध एवं झरना पर चली चादर

नायब तहसीलदार छोटे लाल मीणा ने बताया कि पुलिस थाना के समीप जोहड़ के पानी भराव को जेसीबी मशीन की सहायता से सही किया गया।

इधर रविवार को राजगढ़ कस्बे में 51 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। इधर राजगढ़ कस्बे सहित आसपास पानी भराव के केन्द्रों एवं जल स्त्रोतों में पानी की भारी आवक हुई है। ऐतिहासिक महत्व के प्रताप बांध, ठेकड़ीन, बाघोला सहित अन्य बांध में पानी आने का क्रम जारी है।

डिग्गी में श्रीजी का लक्खी मेला शुरू, पहले ही दिन लगी लम्बी कतारें

मालपुरा, (निसं)। जन-जन की आस्था के केन्द्र व छोटी कांसी के नाम से सुप्रसिद्ध प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थल डिग्गी में रविवार को 59वें लक्खी मेले का शुभारम्भ हुआ। उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा व प्रशासनिक अधिकारियों ने मेला कन्ट्रोल रूम का फीता काट मेले का शुभारम्भ किया एवं 11 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले लक्खी मेले के उद्घाटन समारोह में एडीएम सुरेश चौधरी, एएसपी रामकुमार कस्वा, डीएसपी महेन्द्र मीणा, पंचायत समिति उपप्रधान मूलशंकर शर्मा, पंचायत समिति विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, डिग्गी थानाधिकारी कप्तान सिंह, तहसीलदार राहुल पारीक मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मेला शुभारम्भ की घोषणा की गई।

मेले के पहले ही दिन प्रदेश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में पहुंचे कल्याण भक्तों की मंदिर से चौपड चौराहे तक लम्बी कतारें लग गई। घंटों तक कतारों में लगे कल्याण भक्तों ने श्रीजी के जयकारे लगाते हुये मंदिर में प्रवेश कर भगवान विष्णु के अवतार कल्याणधणी की मनमोहक झांकी के दर्शन कर हाजरी लगाई। लक्खी मैले मे हजारो की संख्या मे सजी नाना प्रकार की दुकानो पर कल्याण भक्तो ने जमकर खरीददारी की। जगह-जगह लगे भण्डारो मे कल्याण भक्तों की सेवा चाकरी में लोग जुटे रहे। सुरक्षा के लिये 700 से अधिक अधिकारी व जवान तैनात किये गये। मंदिर व कस्बे में लगे 70 सीसीटीवी कैमरों से मेला व्यवस्थाओं की निगरानी के लिये ट्रस्ट कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया। डीजे की धुनो पर नाचते-गाते कल्याण भक्त पहुंच रहै है डिग्गी।

रेलवे पेंसनर्स सोसायटी की मासिक बैठक

फुलेरा, (निसं)। रेलवे पेंसनर्स सोसायटी शाखा फुलेरा की सामूहिक गोठ एवं नियमित मासिक बैठक का आयोजन क्षेत्र के निकटवर्ती जोबनेर कालख बांध पर शाखा अध्यक्ष रमेश चन्द वर्मा की अध्यक्षता एवं राम गोपाल सैनी के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम के प्रारंभ में रामगोपाल शर्मा के द्वारा गणेश वन्दना गायन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद वहीं कार्यक्रम में आगन्तुक अतिथियों का माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसी क्रम में संस्था में जुड़कर बने नये सदस्यों का भी माला पहना कर स्वागत किया गया। इसके अलावा वहीं शाखा सचिव लाल चन्द कुमावत ने इस माह की प्रगति रिपोर्ट सभा के समक्ष रखी, साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश सहाय शर्मा, श्याम लाल सैनी, एस.के.माथुर, सी.पी.त्रिपाठी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपने विचार रखे। इसी क्रम में शाखा की सांस्कृतिक टीम ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी। जिसमें मुख्य रूप से राधा देवी, मंजु देवी, विजय गोपाल दाधीच सहित अन्य रेलवे पेंसनर्स एवं उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया।

कोटपुतली में निरन्तर बारिश से पुराने भवनों पर मंडराया खतरा

कोटपूतली, (निसं)। क्षेत्र में जारी निरन्तर बारिश ने जहां आवागमन ठप करने के साथ-साथ जल भराव की बड़ी समस्या खड़ी कर दी है। वहीं रास्तों पर जाम एवं बारिश के पानी से गड्डे भरने जैसी परिस्थितियां भी परेशानी का सबब बन रही है।

इसी प्रकार लगातार हो रही बारिश से कस्बे में पुराने भवनों के गिरने का खतरा भी मंडरा रहा है। जिसका नजारा रविवार को कस्बे के वार्ड नं. 39 में

- कस्बे के वार्ड नं. 39 में भरभरा कर गिरा मकान, बड़ा हादसा टला

देखने को मिला। जहां लगातार हो रही बारिश से एक पुराना मकान भरभरा कर गिर गया। गनीमत यह रही कि आसपास किसी भी व्यक्ति के मौजूद ना होने से कोई घायल या हताहत नहीं हुआ। जिससे बड़ा हादसा टल गया। बताया

वार्ड नं. 39 में एक पुराना मकान भरभरा कर गिर गया।

जा रहा है कि पूराने मकान की नींव में पानी जमा हो जाने से यह घटना हुई है।

उल्लेखनीय है कि कस्बे के पूराने मौहल्लों में बड़ी संख्या में ऐसे वर्षो पूराने मकान व भवन आदि है जो सालों से खाली एवं वीरान पड़े है। ऐसे में मरम्मत के अभाव में उक्त भवनों के गिरने का खतरा लगातार बना रहता है जो कि बारिश के दिनों में ओर भी गहरा जाता है। नगर परिषद द्वारा इस ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यहां तक की विभिन्न वार्डो में स्थित ऐसे पूराने भवनों की कोई भी सूची परिषद प्रशासन के पास नहीं है। वार्डवासियों का कहना है कि नगर परिषद को ऐसे खाली व सुनसान भवनों को चिन्हित कर उनके मालिकों की पहचान कर नोटिस भेजकर इन्हें गिराने की कार्यवाही करनी चाहिये।

विद्यालय को दान की आवश्यक सामग्रियां

पावटा, (निसं)। राजस्थान चिल्ड्रन हॉस्पिटल के संस्थापक और राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आँतिला में शिशु रोग विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत डॉ. गोकुल गिठाला ने अपने पिता स्वर्गीय प्रभात गिठाला की स्मृति में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा को एक लाख इक्यावन हजार कीमत के प्रयोगशाला एवं विद्यालय प्रयोग हेतु 5 अलमारी, 50 कुर्सियां, चार बडी टेबल और 5 कमरों हेतु मैट विद्यालय प्रधानाचार्य जयसिंह यादव को भेंट की। विद्यालय प्रधानाचार्य जयसिंह यादव ने बताया कि डॉ. गोकुल गिठाला का परिवार समय-समय पर विद्यालय एवं अन्य संस्थाओं को आवश्यक सामग्री भेंट करता रहता है। जिसमें उनकी माता मुय प्रेरणा स्त्रोत रहती हैं। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा के पूर्व छात्र रहे डॉ. गिठाला अपने विद्यार्थी जीवन से ही पढाई में अव्वल रहने के साथ-साथ समाज में जरूरतमंद लोगों की सहायता करते रहे हैं। इस संपूर्ण प्रक्रिया में स्थानीय विद्यालय के श्रीराम यादव उप प्राचार्य का महत्वपूर्ण योगदान प्रेरक के रूप में रहा।

सार-समाचार

भगवान पारसनाथ के चढ़ाया निर्वाण लाडू

निवाई, (निसं)। सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अग्रवाल मंदिर में मुनि अनुसरण सागर महाराज के पावन सानिध्य में भगवान पारसनाथ का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि 23 वें तीर्थंकर भगवान पारसनाथ पर निर्वाण लाडू श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अग्रवाल मंदिर, श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, श्री दिगंबर जैन नसियां मंदिर, बपूई वालों का चैतालय सहित सभी जिनालयों में पारसनाथ भगवान का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। अग्रवाल मंदिर में श्रद्धालु सुशील कुमार, राहुल कुमार आरा मशीन परिवार ने लाडू चढ़ाया। इसी प्रकार बड़ा मंदिर में निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को सर्व प्रथम सुबह शांतिनाथ भगवान एवं पारसनाथ भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा के साथ भगवान पारसनाथ की पूजन की गई। उन्होंने बताया कि 48 दिवसीय भक्तामर विधान का भी आयोजन हुआ जिसमें सोधर्म इन्द्र हेमचन्द व हर्षितकुमार संघी द्वारा 48 अघ्र्य चढ़ाए गए। इस अवसर पर मुकेश बनेठा, पवन बोहरा, सुशील जैन, नरेश जैन बड़ागांव, प्रेमचंद जैन, विष्णु बोहरा, हितेश छाबड़ा, अशोक जैन, रमेश जैन व नवरतन जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

तिरंगा रैली 14 अगस्त को

चौमूं /कालाडेरा, (निसं)। चौमूं शहर के रेनवाल रोड स्थित रजवाड़ा गार्डन में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र चौमूं में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का पार्टी का दुपट्टा ओढ़कर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आ ान पर आज़ादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत कार्यकर्ताओं को हर घर तिरंगा अभियान को लेकर प्रत्येक बूथ पर घर-घर तिरंगा फहराने का आ ान किया। उन्होंने 14 अगस्त को प्रात: 10 बजे चौमूं में गढ़ गणेश मंदिर से तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा रैली को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग- अलग जिम्मेदारिया सौंपी। इस मोके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, देहात मण्डल कालाडेरा अध्यक्ष बनवारी शर्मा, बाँसा मण्डल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, गोविन्दगढ़ मण्डल अध्यक्ष गोपाल डेनवाल, प्रधान रामस्वरूप यादव, पूर्व प्रधान महेश मीणा, डॉ जितेन्द्र कुमावत, पूर्व उपाध्यक्ष कालूराम जाट सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

नशा मुक्ति को लेकर शपथ कार्यक्रम आज

कोटपूतली, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के पाँचवें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में 12 अगस्त से शपथ ग्रहण सहित विभिन्न स्पर्धायें आयोजित होंगी। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देशानुसार विभाग के जिला अधिकारी रमेश कुमार दहमीवाल ने बताया कि 12 अगस्त को सम्पूर्ण देश में नशा मुक्ति की शपथ कार्यक्रम होगें। जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राजपूताना कॉलेज में नशे के विरूद्व शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा। संस्थान परिसर में वृक्षारोपण भी किया जायेगा। इसके अलावा जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों के संस्था प्रधान व नशे के विरूद्ध कार्यक्रम चलाने वाली संस्था भी 12 से 15 अगस्त के मध्य शपथ एवं खेलकूद प्रतियोगिता, निबन्ध, लेखन आदि सह शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित करेगी।

बच्चों ने गांव में तिरंगा रैली निकाली

टोंक, (निसं)। टोंक ब्लॉक की ग्राम पंचायत पालड़ा में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अहमदपुरा के विद्यार्थियों में देश प्रेम का जुनून नजर आया, जिसे उन्होंने गांव में "तिरंगा रैली" निकालकर व्यक्त किया। प्रधानाध्यापक सुरेश बुंदेल ने बताया कि केन्द्र और राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार "हर घर तिरंगा- 2024" अभियान के अन्तर्गत स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए तिरंगा रैली निकाली और अभिभावकों से अपने अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। इस दौरान एसएमसी अध्यक्ष संजय मीणा, रामदयाल माली, महेश जाट, अनिता शर्मा, मैना शर्मा, हरिराम जाट, अनिता चौधरी, खान सिंह चौपड़ा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

हंसराज को पीएचडी की उपाधि

टोंक, (निसं)। टोंक उपखण्ड के गांव छाण निवासी डॉ. हंसराज चौधरी पुत्र भंवर लाल जाट को पीजीआई चंडीगढ़ में 37वें दीक्षांत समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया है। डॉ. हंसराज जेएनवी छान से 2004 बैच के पासआउट हैं। तब से, वह पीजीआई चंडीगढ़ चले गए जहां उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की और 12 वर्षों से अधिक समय तक पीजीआई में सेवा की। वह वर्तमान में एक वैज्ञानिक के रूप में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली में कार्यरत हैं। अब तक, डॉ चौधरी ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा पत्रिकाओं में 30 से अधिक शोध लेख प्रकाशित किए हैं। उन्होंने यह पुरस्कार अपने माता-पिता, परिवार, भाई और शिक्षकों को समर्पित किया।

221 यूनिट रक्त एकत्रित किया

दूदू, (निसं)। जिला मुख्यालय के मोजमाबाद रोड स्थित एक निजी गार्डन में रविवार को आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाकर 221 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया शिविर के दौरान युवाओं के साथ-साथ महिलाओं ने भी पहुंचकर रक्तदान कर पुण्य का काम किया इस दौरान पार्षद पुरुषोत्तम स्वामी समाजसेवी विकास दाधीच कमल चौधरी जिला परिषद सदस्य मनोहर लाल बेरवा सहित लोगों ने शिविर को सफल बनाने का प्रयास किया रक्तदान दाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

भाटी नर्सेज जिलाध्यक्ष बने

कोटपूतली, (निसं)। राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन संगठन द्वारा सवाई मानसिंह चिकित्सालय जयपुर में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हरिसिंह भाटी को जयपुर जिला शाखा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेशाध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि भाटी की कार्यकुशलता, निष्ठा, नर्सेज के प्रति समर्पण को देखकर नर्सेज द्वारा जिलाध्यक्ष चुना गया है। भाटी इससे पूर्व में जिला महामंत्री जयपुर के पद पर भी रह चुके है। इस मौके पर समस्त नर्सेज ने भाटी को शुभकामनायें प्रेषित की।

बाबा रामदेव भंडारा 13 अगस्त से

टोंक, (निसं)। ग्राम सोहेला में बाबा रामदेव सेवा समिति द्वारा 17वें विशाल भंडारे की शुरुआत 13 अगस्त मंगलवार से विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू किया होगा। समिति के सदस्य पूर्व सरपंच रामदास बेरवा ने बताया कि भंडारे का समिति सदस्यों व ग्रामवासीयों के सहयोग से शुभारंभ किया जायेगा।

कावड़ यात्रा के दौरान डीजे को लेकर हुआ विवाद

चाकसू, (निसं)। रविवार को फागी रोड गोलीराव तालाब के पास गलता जी जयपुर से चाकसू के दलप्तपुरा जा रही कावड़ यात्रा में डीजे को लेकर कावड़ियों और समुदाय विशेष के एक पक्ष के कुछ लोगों के साथ हल्का विवाद हो गया जो पुलिस प्रशासन की तत्काल कार्यवाही व स्थानीय दोनों पक्षों के जिम्मेदार लोगों की समझाइश से हाथों-हाथ सुलझ गया।

थाना प्रभारी कैलाश दान ने बताया कि फागी रोड गोलीराव तालाब के पास समुदाय विशेष के लोगों ने पानी की छबील लगा रखी थी इस दौरान गलता जयपुर से चाकसू के दलप्तपुरा के लिये कावड़ यात्रा आ रही थी जिसमे तेज आवाज में डीजे बज रहा था जिसे लेकर समुदाय विशेष के एक पक्ष के कुछ

- पुलिस की तत्काल कार्यवाही से मामला सुलझा

युवाओं से कावड़ियों का विवाद हो गया जिसकी इतला पुलिस को दी जो तुरंत मोके पर पहुंची और दोनो पक्षो को शांत किया। वही पुलिस व क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों ने दोनों पक्षो को समझाइश करके मामले को हाथों -, हाथ निबटारा कर दिया जिससे बड़ा विवाद होने से टल गया बाद में कावड़ यात्रा को उनके स्थान के लिये रवाना कर दिया। वहीं ऐतियात के तौर पर पुलिस ने घटना स्थल पर सुरक्षा कर्मी तैनात कर दिये है किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस में आगे की कार्यवाही की रिपोर्ट नही दी गयी।